-मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने प्रदेश के मतदाताओं ने किया मतदान

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने जताया

भोपाल(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश में लोकसभा के दूसरे चरण के मतदान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की खजुराहो सहित 6 लोकसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में जिस प्रकार से जनता जनार्दन ने आगे बढ़कर मतदान में भाग लिया है, उसके चलते मतदान लगभग 59 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। मतदाताओं के इस उत्साह से यह साबित हो गया है कि देश की जनता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए मतदान किया है। इसके लिए मैं सभी मतदाताओं, नागरिक भाईयों का हार्दिक अभिनंदन करता हूं, उन्हें बधाई देता हूं।

प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज इस लोकतंत्र के महापर्व में मध्यप्रदेश के नागरिकों, हमारे मतदाता भाई-बहनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारी माता-बहनों, युवाओं और 18-19 वर्ष के नव मतदाताओं ने भी मतदान में बढ़चढ़कर भाग लिया है। खजुराहो, रीवा, सतना, दमोह, सागर और होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्वक और सुव्यवस्थित मतदान के लिए मैं सभी मतदाताओं, प्रदेश के नागरिकों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। इसके साथ ही प्रदेश के प्रशासन और चुनाव आयोग को भी धन्यवाद देता हूं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी अभिनंदन करता हूं, जिन्हें एक बार फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश-प्रदेश की जनता में आज मतदान किया है।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जनता का एक वोट देश के लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य करता है। एक वोट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अधिकतम मतदान के लिए कार्य किया है, उनको भी मैं धन्यवाद देता हूं।

एमपी में सूचना आयुक्त के रिक्त पदों का मामला

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त समेत दस सूचना आयुक्तों के पद रिक्त होने और सूचना के अधिकार मामले में सुनवाई न होने का मामला राज्यपाल के संज्ञान में लाकर जल्द नियुक्ति की मांग की गई है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण और उनकी सहयोगी एनसीपीआरआई की अंजलि भारद्वाज समेत अन्य आरटीआई एक्टिवस्ट की टीम ने शनिवार को राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात की। इन सभी ने राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण और एनसीपीआरआई की भारद्वाज ने राजधानी में मीडिया से चर्चा में कहा कि एमपी में सूचना आयुक्त के रिक्त पदों के कारण नागरिकों के सूचना पाने के मूल अधिकार का हनन हो रहा है। इसके बाद भी सरकार कार्यवाही नहीं कर रही और आयुक्तों की नियुक्ति में देरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर वे आज भोपाल प्रवास के दौरान राज्यपाल से मिले ।

ऑपरेशन 360

हथियार तस्कर को पकड़ने आए 2 राज्यों की पुलिस के 100 जवान, देखने वालों की लग गई भीड़

बड़वानी, एजेंसी। एमपी और महाराष्ट्र के संयुक्त पुलिस दल के 100 पुलिसकर्मियों ने बड़वानी जिले के उमरठी में दबिश देकर दो वांटेड हथियार तस्करों को गिरफ्त में ले लिया। दोनों वांटेड हथियारों की डीलिंग और सप्लाई के मास्टर थे। सेंधवा के एसडीओपी कमल सिंह चौहान इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई। बड़वानी और महाराष्ट्र के जलगांव व धूलिया जिले के करीब 100 पुलिस कर्मियों के संयुक्त पुलिस दल ने वरला थाना क्षेत्र के उमरठी में दबिश दी। इस दौरान महाराष्ट्र के चोपड़ा के एसडीओपी कुणाल सोनोने और कई थानेदार भी शामिल थे। दोनों प्रदेशों के पुलिस दल की पांच टीमें बनाई गई थी।उन्होंने बताया कि तीन टीम सर्चिंग में लगाई गई, जबकि दो ब्लॉकिंग के लिए इस्तेमाल की गई। इस दौरान शेर सिंह चौहान और हरजीत सिंह भाटिया को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। शेर सिंह महाराष्ट्र के शिरपुर थाने और हरजीत सिंह बड़वानी जिले के वरला थाना क्षेत्र का वांटेड था। दोनों के पूरे देश भर में खासे कॉन्टैक्ट हैं। दोनों हथियारों की डील कर सप्लाई करने का काम करते थे। उन्होंने बताया कि संयुक्त पुलिस दल ने उमरठी में करीब 50 स्थान की सर्चिंग भी की।

200 से ज्यादा चिकित्सकों की लगाई ड्यूटी, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी मेडिकल किट

भोपाल में चुनाव के लिए स्वास्थ्य अमला मुस्तैद

भोपाल (ईएमएस)। भोपाल संसदीय क्षेत्र में सात मई को होने जा रहे मतदान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक पैमाने पर चिकित्सकों एवं दवाइयों की व्यवस्था की है। मेडिकल इमरजेंसी के लिए 108 एंबुलेंस के साथ अस्पतालों में आकस्मिक चिकित्सा की व्यवस्था भी है। विभाग द्वारा निर्वाचन अवधि में सभी स्वास्थ्यकर्मियों और अस्पतालों को अलर्ट रहने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। भोपाल के सातों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 207 चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। ये चिकित्सक, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ड्यूटी पर उपस्थित रहेंगे। इन चिकित्सकों का निर्वाचन प्रशिक्षण 30 अप्रैल को आयोजित किया गया है। मतदान के एक दिवस पूर्व से मतदान दल के वापिस आने तक लाल परेड ग्राउंड पर स्वास्थ्य विभाग का दल एंबुलेंस के साथ तैनात रहेगा।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ चिकित्सकों की ड्यूटी के आदेश जारी किए गए हैं। साथ ही मतदान के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। इन चिकित्सकों द्वारा सेक्टर में आने वाले पोलिंग बूथ पर चिकित्सकीय आकस्मिकता की स्थिति में उपचार मुहैया करवाया जाएगा।

हर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक चिकित्सक की ड्यूटी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डा. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में काम कर रहे कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाइयों एवं उपचार की व्यवस्था की गई है। हर सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक मतदान दल के लिए पोलिंग बूथ पर भी मेडिकल किट की व्यवस्था है, जिसमें बुखार, बदन दर्द, पेट दर्द, उल्टी दस्त, एसिडिटी, एलर्जी, सर्दी, जुकाम, सामान्य घाव, डिहाइड्रेशन के प्राथमिक उपचार के लिए दवाइयां उपलब्ध रहेंगी।

जेपी अस्पताल में बनेगा कंट्रोल रूम

सेक्टर मजिस्ट्रेट की टीम में शामिल चिकित्सकों को इमरजेंसी मेडिकल किट दी गई है। आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के लिए जिला चिकित्सालय जयप्रकाश में कंट्रोल रूम ही स्थापित किया जाएगा। यह कंट्रोल रूम मतदान समाप्ति तक 24 घंटे संचालित होगा।

शिवपुरी में सिंधिया बोले-10 साल में मोदी ने तस्वीर बदल दी

भोपाल (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि हर सुख-दुख में सिंधिया परिवार इस क्षेत्र की जनता के साथ हमेशा खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। चाहे कोरोना काल हो या ओलावृष्टि का समय, हर समय सिंधिया परिवार का मुखिया होने के नाते वह दुख-सुख की इस घड़ी में क्षेत्र की जनता के साथ रहे हैं और आगे भी वह साथ रहेंगे।सिंधिया ने यह बातें शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र के रायश्री में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। ग्राम रायश्री में आयोजित सभा के दौरान सिंधिया ने कहा, क्षेत्र की जनता से उनके पारिवारिक संबंध हैं। वह इस क्षेत्र में दिमाग से नहीं दिल से और हृदय से काम करते हैं। सिंधिया परिवार की सोच रही है कि इस क्षेत्र की जनता के साथ सिंधिया परिवार के मुखिया के नाते वह कंधे से कंधा मिलाकर क्षेत्र की जनता के लिए काम करें और विकास के पथ पर इस क्षेत्र को ले जाएं।

ओलावृष्टि में सबसे ज्यादा मदद दिलवाई

रायश्री में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि पिछले दिनों यहां पर ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को

नुकसान हुआ। रायश्री, पिपरसमां, ककरवाया, मालाखेड़ी, मानपुर आदि गांवों किसानों को छह करोड़ रुपये से ज्यादा की राहत राशि का वितरण किया गया। यह पहली बार हुआ की 48 घंटे में पीड़ित किसानों को ओलावृष्टि की राहत राशि मिल गई। पीड़ित किसानों को राहत राशि के स्वीकृति पत्र के अलावा उनके खातों में यह राशि पहुंचाई गई। सिंधिया परिवार हमेशा से सुख-दुख में इस क्षेत्र की जनता के साथ रहा है, अब आने वाली सात मई को इस क्षेत्र को लोगों को आगे आकर अपना फर्ज निभाना है।

65 साल में कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई

सिंधिया ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 65 साल सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस कुछ नहीं कर पाई। 10 साल में मोदी जी ने देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है। आज 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को गैस चूल्हे दिए गए हैं। किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। सिंधिया ने कहा कि जो सम्मान किसान सम्मान निधि केंद्र की तरफ से छह हजार और राज्य की तरफ से छह हजार रुपये मिलती है, अगर वह 2020 में कांग्रेस की सरकार नहीं बदलते तो दो जुड़वा भाइयों के खाते में यह किसानों की राशि चली जाती। राज्य सरकार की ओर से मिलने वाले छह हजार रुपये की राशि दोनों जुड़वा भाइयों के पॉकेट में चली जाती। लेकिन मैंने उनके पॉकेट से यह राशि निकालकर आपकी खाते में डाली है। इसलिए अब सात मई को एक बार फिर से मोदी जी के हाथों को मजबूत करना है, उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए अबकी बार 400 पार के नारे के संकल्प को पूरा करना है।

ज्योति का प्रकाश आपके घरों में लाने का काम किया

सिंधिया ने कहा कि पहले क्षेत्र में बिजली के तार और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था नहीं थी। लेकिन जब विद्युत मंत्री बने तो उन्होंने इस क्षेत्र में जगह-जगह बिजली की लाइनें, नए ट्रांसफार्मर रखवाए। प्रत्येक घरों तक बिजली लाने का काम किया। सिंधिया ने कहा कि ज्योति का प्रकाश आपके घरों तक लाने का काम मैंने यानि इस ज्योतिरादित्य सिंधिया ने किया। सिंधिया ने कहा कि ग्राम रायश्री से पहले रोड की हालत खराब थी। लेकिन आज चमचमाती रोड है। हाइवे से सीधा रायश्री के लिए अच्छी सडक़ है। इसके अलावा इस गांव के बाहर जो हाइवे निकला है। ग्वालियर से गुना तक इस हाइवे को जो पहले दो लाइन का था, इससे सिक्स लाइन बनाने का काम 5,000 करोड़ की लागत से किया गया।

देश के हर कोने तक ट्रेन की सुविधा

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि आज शिवपुरी विकास की मुख्य धारा से जुड़ा है। शिवपुरी रेलवे स्टेशन से कुछ ही ट्रेनें थीं, लेकिन आज देश के हर कोने के लिए ट्रेन है। इंदौर, भोपाल, अमृतसर, चंडीगढ़ यहां तक की मुंबई के लिए भी ट्रेन है। सिंधिया ने कहा कि शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े-बड़े संस्थान स्थापित किए गए। आज 200 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज जिला मुख्यालय पर है। इसके अलावा सतनवाड़ा में एनटीपीसी का इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉवर सेक्टर का कॉलेज खुला है, जिसका लाभ स्थानीय छात्रों को मिल रहा है।

ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए सात मई को आगे आएं

रायश्री में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि सात मई को सभी लोगों को घरों से निकलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालने हैं। डबल इंजन की सरकार नहीं, बल्कि ट्रिपल इंजन यानी कि प्रदेश में मोहन यादव की सरकार और केंद्र में मोदी जी की सरकार और मुझे सांसद के रूप में ट्रिपल इंजन की शक्ति प्रदान करने के लिए सभी लोगों को सारे काम छोड़कर सात मई को हर मतदाता को बाहर आकर के वोट डालने हैं और मेरे हाथों को मजबूत करना है।



मोगली पेंच अभ्यारण्य में जुगनी बाघिन की अपने 4 शावकों के साथ मस्ती

सिवनी , यशभारत। पेंच टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश में फैला हुआ भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह 1977 में स्थापित किया गया था और 292.8 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। यह अपने शानदार बाघों, समृद्ध वनस्पतियों और जीवों, और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। दरअसल, टाइगर रिजर्व में इंदिरा प्रियदर्शनी पेंच राष्ट्रीय उद्यान, पेंच मोगली अभयारण्य और एक बफर शामिल है। इसकी खूबसूरती वन्य जीवन के प्रेमियों के लिए पूरे विश्व में विख्यात है । पेंच में पर्यटकों ने टाइगर रिजर्व की जुगनी बाघिन को अपने 4 शावकों के साथ गश्त लगाते और मस्ती करते देखा और वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

बंगाल टाइगर का घर पेंच नेशनल पार्क

पेंच टाइगर रिजर्व अपनी बाघों की आबादी के लिए जाना जाता है। 2022 की गणना के अनुसार, यहां 123 बाघ हैं। यह भारत के किसी भी राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की तीसरी सबसे बड़ी संख्या है। पेंच रिजर्व बंगाल टाइगर का घर है, जो दुनिया के सबसे खूबसूरत और शक्तिशाली शिकारियों में से एक है। पेंच टाइगर रिजर्व में साल, महुआ, बबूल और तेंदू जैसे पेड़ों के घने जंगल हैं।

भोजशाला में खुदाई में मिली खंडित प्रतिमा

मचा बवाल? दरगाह परिसर में पहुंची ASI टीम

धार ,ईएमएस। धार जिले के भोजशाला में सर्वे के दौरान मिली खंडित प्रतिमा को लेकर हिंदू पक्ष के आशीष गोयल और गोपाल शर्मा ने दावा किया कि यह प्रतिमा सनातनी है। गोपाल शर्मा ने कहा कि भोजशाला में सर्वे के दौरान हर रोज खंडित अवशेष निकल रहे हैं कल भी काम करते वक्त एक चेहरा सनातन प्रतिमा का निकला था। वहीं मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद ने कहा कि स्ट्रु को हाई कोर्ट में रिपोर्ट सबमिट करनी है, वह उस हिसाब से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खुदाई में मिली खंडित प्रतिमा का चेहरा गौतम बुद्ध जी की तरह दिख रहा है।बता दें कि, 29 अप्रैल को आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया को भोजशाला परिसर और दरगाह परिसर के अंदर बाहर किए गए सर्वे की रिपोर्ट को प्रस्तुत करना होगा। हालांकि स्ट्रु ने सर्वे के समय को 8 हफ्ते की अवधि के लिए बढ़ाने के लिए आवेदन दिया है, इस आवेदन पर कल निर्णय लिया जाएगा। भोजशाला में सर्वे के लिए 8 प्वाइंट्स मार्क किया गया था उसमें से 5 प्वाइंट पर नीचे की तरफ जाती हुई 3 दीवारे मिली, वहीं सर्वे के 36वें दिन स्ट्रु को खुदाई के बाद मिट्टी हटाने पर खंडित प्रतिमा ऊपरी कंधे के भाग मिली है।

37वें दिन का सर्वे शुरू

भोजशाला में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (स्ट्रु) द्वारा किए जा रहे सर्वे का आज 37वां दिन है। भोजशाला में 37वें दिन स्ट्रु के 22 अधिकारी और 37 मजदूरों की एक टीम पहुंची हुई है। आज भोजशाला के दरगाह परिसर में स्ट्रु की टीम सर्वे करेगी। इसके लिए भोजशाला के बाहर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम है। दरगाह परिसर में सर्वे के दौरान हिंदू पक्ष से आशीष गोयल, गोपाल शर्मा और मुस्लिम पक्ष से अब्दुल समद अपनी टीम के साथ मौजूद रहेंगे।

अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

पूजा ने पिता की शिकायत पुलिस में की। मगर एमपी पुलिस सोती रही। आखिर में तंग आकर पूजा घर की छत पर गई और खुदपर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। पूजा को इंदौर स्थित अस्पताल ले जाया गया। मगर पूजा का 90 प्रतिशत शरीर जल चुका था और अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में पूजा ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

पूजा ने अपने सुसाइड नोट में कई लोगों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। पूजा ने लिखा उसके पापा माणा चौहान उसकी मौत के जिम्मेदार हैं। मगर इसके अलावा बड़वाह पुलिस और शराब बेचने वाले भी पूजा के सुसाइड के जिम्मेदार हैं। पूजा के अनुसार सुसाइड जैसा कदम उठाने से पहले उसने कई बार पुलिस की मदद मांगनी चाही और 100 नंबर पर फोन लगाया। मगर पुलिस ने मामले पर कोई एक्शन नहीं लिया।

'वॉशरूम भी नहीं जा पाते पढ़ने भी नहीं देते'

12वीं में फर्स्ट डिवीजन लाने वाली छात्रा ने पेट्रोल डाल खुद को लगाई आग बड़वाह 24 अप्रैल 2024 यानी आज से तीन दिन पहले मध्य प्रदेश ने 12वीं के नतीजे जारी किए थे, जिसमें बड़वाह की रहने वाली पूजा चौहान ने फर्स्ट डिविजन के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। पढ़ाई में अव्वल और जिंदगी में कुछ दिखाने का ख्वाब देखने वाली पूजा ने खुदखुशी कर ली। तीन दिन पहले रिजल्ट की खुशियां मनाने वाली पूजा ने अचानक अपनी जान क्यों ली? इस सवाल का जवाब पूजा के उस सुसाइड नोट में है, जिसके आखिरी शब्द हैं 'सॉरी मां'।पूजा चौहान की सुसाइड के जिम्मेदार तो कई हैं। मगर इस घटना के सबसे बड़े दोषी पूजा के पिता मीणा चौहान हैं। दरअसल पिता के शराब पीने की लत से परेशान होकर पूजा ने इतना बड़ा कदम उठाया है। पूजा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि पिता हर रोज शराब पीकर मां को मारते-पीटते थे और मां के सथ हिंसा करते थे। पूजा इससे काफी दुखी थी। पूजा के अनुसार पिता के डर से पूजा वॉशरूम भी नहीं जा पाती थी और ना ही वो पढ़ पा रही थी।

क्या कहना है पुलिस का

मामले में खरगोन एसपी धर्मराज मीणा ने कहा- अभी तक कोई शिकायत नहीं की गई है। यदि मामले की कोई शिकायत मिलती है तो जांच कर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। जानकारी के आधार पर कार्रवाई होगी।

धोखाधड़ी

पतंजलि योगपीठ में होना था मां का इलाज

इंदौर, यशभारत। जैसे-जैसे लोग डिजिटल लाइफ अपना रहे हैं वैसे ही ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले भी काफी सुनने में आ रहे हैं। आए दिन अनजान नंबरों से स्कैमर्स लाखों रुपये का घोटाला कर देते हैं और आम आदमी की सारी बचत एक झटके में खाली हो जाती है। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के इंदौर के पास उज्जैन से सामने आया। जहां एक कारोबारी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी हो गई है। पूरे मामले में फरियादी द्वारा साइबर क्राइम ब्रांच को शिकायती आवेदन दिया गया है। उन्होंने मां के इलाज के लिए ऑनलाइन नंबर के आधार पर 85 हजार रुपये का पेमेंट किया था जो कि उन्हें लौटाया भी नहीं गया और मां का इलाज भी नहीं हो पाया।

लोगों ने दी थी पतंजलि योगपीठ में इलाज की सलाह

दरअसल, पूरे मामले में फरियादी यशवंत खंडेलवाल का कहना है कि उनकी मां को शारीरिक बीमारी थी और उनके इलाज के लिए उन्होंने कई लोगों से संपर्क भी किया था। लोगों का कहना था कि पतंजलि पीठ में काफी बेहतर इलाज होता है और इस मंशा को लेकर उन्होंने नंबर ऑनलाइन गूगल पर सर्च किया और नंबर के साइड में उन्हें एक वेबसाइट भी मिली जिस पर उन्होंने संपर्क किया। दो से तीन बार ट्रांजेक्शन ऑनलाइन बारकोड के माध्यम से किया गया

डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने बताई कम वोटिंग प्रतिशत की वजह

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में इन दिनों लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। वहीं हाल ही में पहले और दूसरे चरण के चुनाव में वोटिंग का प्रतिशत पहले के मुकाबले काफी गिर गया है। चुनाव के कम वोटिंग प्रतिशत को लेकर हाल ही में प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला का बयान सामने आया है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने इसके पीछे की संभावित वजह के बारे में भी बताया है। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि फसल कटाई, शादी का लगन और गर्मी के कारण वोटिंग प्रतिशत गिरा है, लेकिन अब आने वाले चरण में वोटिंग प्रतिशत बढ़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वोटिंग प्रतिशत कम होने पर मंत्रियों पर कार्रवाई होगी। इसको लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि काम में जब कमजोरी आती है तो आवश्यक कार्रवाई होती ही है। इसके साथ ही डिप्टी सीएम ने लाडली बहनों के कम हुए वोट प्रतिशत पर बात करते हुए कहा कि लाडली बहनों ने 11 प्रतिशत कम वोट किया है। लाडली बहनों के नाराज होने का सवाल ही नहीं जब रिजल्ट आएगा तो आप देखेंगे की जितने भी वोट पड़े हैं सब भाजपा के पक्ष में पड़े हैं।

OMG! गांव से 12वीं में सारे बच्चे हो गए फेल, शिक्षा विभाग में हड़कंप

बड़बानी , यशभारत। बड़वानी से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे। पिछले दिनों एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के रिजल्ट आए। जिसमें 12वीं के परिणामों में बड़वानी के खेतिया गांव के सारे बच्चे फेल हो गए। आपको सुनकर आश्चर्य हो रहा होगा, लेकिन यह सत्य घटना है। एमपी के एक गांव में एक दो नहीं बल्कि सभी के सभी बच्चे फेल हो गए हैं।

यह संख्या 10-20 नहीं, बल्कि पूरी की पूरी 85 है।अधिकारियों के अनुसार बताया जा रहा है कि ग्राम मलफा के विद्यालय में कक्षा 12वीं में 89 विद्यार्थी थे, जिनमें से 85 विद्यार्थियों ने परीक्षा केंद्र टेमला पर जाकर परीक्षा दी थी। इनमें से

कोई भी बच्चा पास नहीं हुआ। इस तरह की घटना सामने आने के बाद बच्चों के परिजनों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। वहीं स्कूल के प्राचार्य ने इस शून्य रिजल्ट पर आश्चर्य जताया है। जिला शिक्षाधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए। इस मामले में दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

गांव मलफा का मामला

बता दें कि इतनी अधिक संख्या में बच्चों के फेल होने को एकलौता मामला बड़वानी जिले से सामने आया है। यह मामला बड़वानी के खेतिया क्षेत्र में मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर लगे गांव मलफा का है। यहां पर पूरे स्कूल का रिजल्ट शून्य हो गया है।

परिजनों ने किया हंगामा

परिणाम सामने आने के बाद, गुस्साए परिजनों ने स्कूल पहुंचकर हंगामा मचा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्चों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं दिया गया और शिक्षकों ने लापरवाही बरती।

स्कूल प्राचार्य का बयान

स्कूल के प्राचार्य ने इस शून्य परिणाम पर आश्चर्य व्यक्त किया है और कहा कि वे पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करेंगे। उन्होंने कहा कि वे इस मामले की जांच कराएंगे और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

अधिकारियों का कहना

जिला शिक्षा अधिकारी ने भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस शून्य परिणाम के पीछे जो भी कारण है, उसकी जांच की जाएगी और दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।